(b) if so, what amount is likely to be spent on Bhiwani Textile Mills;

(c) whether Government have any proposal to open new Textile Mills in Haryana; and

(d) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY) : (a) There is no mill of NTC in Haryana.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

वर्ष 1992 के दौरान कपड़े का कम उत्पादन

1016. **श्री रामजेठमलानी :**

श्री विष्णुकांत शास्त्री : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1992 के दौरान संगठित कपड़ा मिलों में उत्पादित कपड़े की मात्रा वर्ष 1991 के उत्पादन की तुलना में कम थी ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991 तथा 1992 में कितना-कितना उत्पादन हुआ ;

(ग) क्या सरकार ने इन कपड़ा मिलों द्वारा 1992 में उत्पादित कपड़े के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया था ;

(घ) यदि हां, तो वह लक्ष्य कितना था ;

(ङ) उन मिलों में कम उत्पादनहोने के कारण क्या हैं; और

(च) इन मिलों की उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) जी हां।

(ख) वर्ष 1991-92 के दौरान कपड़े का उत्पादन 2376 मि. वर्ग मीटर था जिसकी तुलना में वर्ष 1992-93 में 2255 मि. वर्गमीटर कपड़े के उत्पादन होने का अनुमान है ।

(ग) और (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तिम वर्ष अर्थात् 1996-97 के लिए संगठित वस्त्र मिल उद्योग में कपड़े के उत्पादन के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं । मिल क्षेत्र के लिए 4150 मि. वर्ग मीटर उत्पादन होने का अनुमान है ।

(ङ) (i) विद्युत करघा क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा, (ii) बुनाई क्षमता को अलग करना ।

(च) (31-10-1992 की स्थिति अनुसार) 1133 मिलें हैं जिनमें 27.92 मि. तकुए, 114 हजार रोटर तथा 169 हजार करघे हैं ।

विद्युत चालित करघा तथा हथकरघा क्षेत्र के लिए सूत की जरूरत

1017 **श्री राम जेठमलानी:**

श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच कि हथकरघा क्षेत्र के बुनकरों को कच्चा माल प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती हैं तथा वे अकसर इस मामले में अपनी शिकायतें दर्ज करवाते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने इनके लिए पर्याप्त मात्रा में सूत उपलब्ध करवाने के लिए कई कदम उठाए हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने क्रमश: हथकरघा तथा विद्युत करघा क्षेत्र के उद्योगों की सूत की वार्षिक आवश्यकता का कोई आंकलन किया है ;

(घ) यदि हां, तो हथकरघा तथा विद्युतकरघा क्षेत्र को अलग-अलग वार्षिक जरूरत कितनी-कितनी है;

(ङ) इन दोनों क्षेत्रों में काम कर रहे बुनकरों को सूत उपलब्ध करवाने के लिए सरकार ने कौन से इंतजाम किए हैं ; और